<u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 25 सितम्बर 2024</u>

(1) माननीय राज्यपाल महोदय ने आज राज भवन में माननीय न्यायमूर्ति श्री एम०एस० रामचंद्र राव को झारखंड राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन स्थित बिरसा मंडप में माननीय न्यायमूर्ति श्री एम०एस० रामचंद्र राव को झारखंड राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल महोदय ने माननीय मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के उपरांत हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दी। इससे पूर्व राज्य के मुख्य सचिव श्री एल. खियांग्ते ने माननीय न्यायमूर्ति श्री एम०एस० रामचंद्र राव का झारखंड राज्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया गया।

उक्त अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्र नाथ महतो, राज्य सभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीशगण, भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के वरीय अधिकारीगण तथा झारखंड उच्च न्यायालय के पदाधिकारीगण व वरीय अधिवक्तागण मौजूद थे।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पूर्व विधानसभा सदस्य श्री सत्येंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को ज्ञापन समर्पित किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज जे०सी०आई० का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की और राज्यपाल महोदय को "एक्सपो-2024" के उद्घाटन समारोह आने हेतु आमंत्रित किया।